मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण

(म.प्र. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन)

द्वितीय ब्लाक पंचम तल, पर्यावास भवन, भोपाल

क्र.25082 /22/वि–12/ग्रासप्रा/T-2/Circular/2014 भोपाल, दिनांक 24/12/2014

प्रति,

महाप्रबंधक (समस्त)
म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण
परियोजना क्रियान्वयन इकाई–..................
जिला–............................... (म.प्र.)।

विषयः मार्गों की निविदा आमंत्रित करने के पूर्व की जाने वाली आवश्यक कार्यवाही।

––0––

पूर्व में यह देखा गया है कि मार्गों की DPR बनाते समय ट्रांजिक्टवॉक के दौरान मार्ग निर्माण के लिये भूमि की उपलब्ध्ता, मार्ग की आवश्यक लम्बाई, वन से प्रभावित क्षेत्र का विवरण आदि का समुचित परीक्षण नहीं किया जाता है जिससे निविदा स्वीकृति होने के पश्चात एकरेखण परिवर्तन, मार्ग की लम्बाई में परिवर्तन की स्थिति, पैकेज के विचलन की स्थिति बनती है एवं कई प्रकरणों में वन विभाग की अनुमति प्राप्त न होने के कारण पैकेज के पूर्णता पर अनावश्यक विलम्ब होता है। जिससे वैधानिक कठिनाईयां भी आती है।

वर्तमान में 14वें चरण के प्रस्ताव स्वीकृति हेतु भारत शासन को प्रेषित किये गये है इन प्रस्तावों में सम्मिलित मार्गों में उपरोक्त स्थिति निर्मित नहीं हो, अतः निम्न कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर की जाना सुनिश्चित किया जावे :–

1. सभी मार्गों में भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जावे।
2. जिन मार्गों में वनक्षेत्र है एवं वन विभाग की अनुमति प्राप्त नहीं हुई हो, उन सभी प्रकरणों में 15 दिवस के अंदर अनुमति हेतु पूर्ण प्रस्ताव वन विभाग को प्रेषित किया जावे।
3. खनिज की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सभी मार्गों में खनिज उत्खनन की स्वीकृति प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव विधिवत् तैयार कर 1 माह की अवधि में सिया में प्रस्तुत किये जावें।

स्वीकृति हेतु प्रस्तुत मार्गों की सूची संलग्न है निम्न प्रपत्र में आपके द्वारा की गई कार्यवाही का विवरण प्रत्येक 15 दिवस में प्राधिकरण मुख्यालय को ई–मेल आईडी gmtmprrda@rediffmail.com पर प्रेषित किया जाना सुनिश्चित किया जावे।

निविदा आमंत्रण हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय निर्माण हेतु भूमि की उपलब्धता एवं वन विभाग से अनुमति प्राप्त होने संबंधी प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत किया जावे। आपसे प्रमाण पत्र प्राप्त होने के पश्चात ही निविदा आमंत्रण की कार्यवाही की जावेगी।

14वें चरण में स्वीकृत मार्गों की निविदा आमंत्रण के पूर्व की जाने वाली कार्यवाही का विवरण

स. क्र.	इकाई का नाम	मार्ग का नाम	निर्माण हेतु पूरी लम्बाई में भूमि उपलब्ध है या नहीं (हां/नहीं)	मार्ग निर्माण जो वनक्षेत्र से प्रभावित है अथवा नहीं यदि हां तो लम्बाई	वन प्रभावित क्षेत्र का प्रकरण वन विभाग को प्रेषित करने का दिनांक	खनिज उत्खनन हेतु प्रकरण सिया में भेजने का दिनांक	रिमार्क
1	2	3	4	5	6	7	8

(अलका उपाध्याय)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण
भोपाल

पृ. क्र. 25083 /22/वि–12/ग्रासप्रा/T-2/Circular/2014 भोपाल, दिनांक 24/12/2014

प्रतिलिपि :–

1. प्रमुख अभियन्ता म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. मुख्य महाप्रबधंक **(समस्त)** म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की ओर सूचनार्थ।
3. महाप्रबंधक **(समस्त)** समस्त म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की ओर सूचनार्थ।
4. वित्तीय सलाहकार म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की ओर सूचनार्थ।
5. गार्ड नस्ती म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की ओर सूचनार्थ।
6. प्रबंधक (आई.टी.) म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण मुख्यालय भोपाल को निर्देशित किया जाता है कि यह पत्र MPRRDA की Website के Circular Section में Upload करें।

मुख्य ~~कार्यपालन~~ अधिकारी
म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण
भोपाल